भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

चेन्नई तथा कोलकाता हवाईअड्डों पर अंतरराष्ट्रीय पारगमन तथा तकनीकी कार्गो माल भाड़े हेतु अवतरण प्रभारों पर एक प्रोत्साहन योजना।

नई दिल्ली, 8 जुलाई 2015: चेन्नई और कोलकाता हवाईअड्डों पर अत्यधिक कार्गो मालभाड़े लाने हेतु एयरलाइनों को प्रोत्साहित करने की दिशा में, भा.वि.प्रा. ने कोलकाता और चेन्नई हवाईअड्डों से और तक एयरलाइनों द्वारा परिचालित अन्तरराष्ट्रीय पारगमन व तकनीकी कार्गो मालभाड़े के लिए अवतरण प्रभारों हेतु एक असाधारण प्रोत्साहन योजना बनाई है। इन दोनों हवाईअड्डों पर एक माह में परिचालित होने वाले माल भाड़े की संख्या को कार्गो मालभाड़े हेतु अवतरण प्रभारों की प्रोत्साहन योजना से लिंक किया गया है।

विस्तृत विवरण

माह में कार्गो मालभाड़े की संख्या	भाड़े पर लागू अवतरण / प्रभार पर रियायत की %
1-5	शून्य
6-10	10 % - 1 से 10 तक
11-15	10 % - 1 से 10 तक 20 % - 11 से 15 तक
16 तथा अधिक	10 % - 1 से 10 तक 20 % - 11 से 15 तक 30 % - 16 तथा अधिक

उपयुक्त योजना सभी अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित तथा गैर अनुसूचित कार्गो माल भाड़े हेतु केवल कोलकाता तथा चेन्नई हवाई अड्डे पर ही लागू होगी, जोकि पहले 3 वर्षों की अवधि हेतु वैध रहेगी।

भारत विश्व का 9 वाँ सबसे बड़ा विमानन बाजार है तथा वर्ष 2020 तक इसे तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनाने का लक्ष्य है। भारत में नागर विमानन उद्योग को विस्तार करने वाले कारकों की दिशा जैसे कि कम लागत वाले कैरियर, आधुनिक एयरक्राफ्ट, घरेलू एयरलाइन में एफडीआई तथा क्षेत्रीय संपर्कता पर अत्यधिक्त जोर दिया गया है।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

महाप्रबंधक (जनसंपर्क), भाविप्रा, 011-24622787, 9810025069

सं- 23/2015-16